मेडिकल काउंसलिंग अपडेट • एमसीसी ने नीट यूजी काउंसलिंग के तीसरे राउंड का परिणाम किया जारी

नीट यूजी: सामान्य वर्ग में 7143 रैंक पर भी मिला एम्स, 26 हजार रैंक पर अलॉट हुआ सरकारी मेडिकल कॉलेज

एजुकेशन रिपोर्टर | नई दिल्ली

मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) ने नीट यूजी की काउंसलिंग के तहत तीसरे राउंड का परिणाम जारी कर दिया है। एम्स संस्थानों की क्लोजिंग रैंक 7143 रही। इस रैंक पर सामान्य वर्ग के उम्मीदवार को एम्स मदुरै आवंटित किया गया। साधारण मेडिकल कॉलेजों की बात की जाए तो सामान्य वर्ग के उम्मीदवार को करीब 26 हजार रैंक पर सीट मिल पाई। एम्स दिल्ली और जोधपुर की सीटें पहले ही भर गई है। अब उम्मीदवारों को अलॉटमेंट लेटर एमसीसी की वेबसाइट से डाउनलोड करना होगा। रिवाइज्ड जॉइनिंग शेड्यूल के अनुसार अपने अलॉटेड कॉलेज पर ओरिजनल दस्तावेज व फीस के साथ संबंधित कॉलेज में स्वयं उपस्थित होकर रिपोर्ट करना होगा। ऐसे कैंडिडेट्स जिन्हें पहली बार इस काउंसलिंग से कॉलेज अलॉट हुआ है और अगर वे कॉलेज से संतुष्ट नहीं हैं या जॉइन नहीं करना चाहते, तो वे एग्ज़िट विथ फॉर फिटर ऑफ सिक्योरिटी डिपॉजिट के विकल्प का उपयोग कर सकते हैं। ऐसे में जमा की गई सिक्योरिटी डिपॉजिट राशि जब्त कर ली जाएगी।

कॉलेजों की 15% सीटों के लिए चल रही काउंसलिंग

• सीटें बढ़ने से अधिक छात्रों को मिला कॉलेज

नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने तीसरे राउंड से पहले नीट यूजी की करीब दस हजार सीटों में बढ़ोतरी की थी। इस कारण तीसरे राउंड में क्लोजिंग रैंक की कट ऑफ काफी अधिक रही। अब तीसरे राउंड के बाद सीटें खाली रहने की स्थिति में ही मॉप अप राउंड आयोजित किया जाएगा। एमसीसी की ओर से काउंसलिंग केंद्रीय कोटे की 15 फीसदी सीटों के लिए आयोजित की जा रही है।

• एम्स से अधिक रही जिपमेर की क्लोजिंग

सभी एम्स को मिलाकर जनरल कैटेगरी की क्लोजिंग रैंक 7146 यानी 564 अंक रही। दूसरी ओर, जिपमेर पुंडुचेरी और कराईकाल की बात की जाए तो जनरल कैटेगरी के कैंडिडेट को 5731 रैंक पर सीट अलॉट हुई। इन संस्थानों में 569 अंक नीट स्कोर था। यानी छात्रों ने नए एम्स की जगह जिपमेर से एमबीबीएस करने को प्राथमिकता दी है। एम्स दिल्ली की सीटें शुरुआती राउंड में ही भर गई थी।

• इतनी रैंक पर मिला मेडिकल कॉलेज

कैटेगिरी	रैंक	स्कोर
जनरल	26178	527
ईडब्ल्यूएस	29997	522
ओबीसी	26231	527
एससी	136392	441
एसटी	162975	425

• ऐसी रही बीडीएस की क्लोजिंग रैंक

कैटेगिरी	रैंक	नीट स्कोर
जनरल	49462	502
ईडब्ल्यूएस	60380	493
ओबीसी	51192	501
एससी	187809	412
एसटी	241599	384